कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

9, सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001

विज्ञप्ति

सर्वसम्बंधित को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु कक्षा–9 एवं 11 के अग्रिम पंजीकरण तथा कक्षा–10 एवं 12 के परीक्षा आवेदन से सम्बन्धित अभ्यर्थियों की नामावली परिषद के पोर्टल से जनरेट/डाउनलोड कर, कोषपत्र की एक प्रति सहित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में दिनांक 15.10.2026 तक जमा किया जाना निर्धारित था। उक्त तिथि को विस्तारित कर 22.10.2026 किये जाने के उपरान्त भी 940 विद्यालयों द्वारा नामावली जनरेट नहीं की गयी है।

अतः सम्बन्धित विद्यालयों को **अन्तिम अवसर प्रंदान करते हुए दिनांक 26.10.2026 तक** नामावली जनरेट/डाउनलोड कर कोषपत्र की प्रति सहित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जाते हैं। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण न करने वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

(भगवती सिंह)
सचिव

पृ0सं0: मा0शि0प0/सिस्टम सेल/1098(1-5) दिनांक : 23.10.2026

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2– शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3– मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
4– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर।
5– जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

23/10/26
(भगवती सिंह)
सचिव

Office Phone No. 0532-2622767, 2623182, 2623820
Camp Office Phone No. 0532-2260220, 2256860
Helpline No. 1800-180-5310 & 1800-180-5312
Website- upmsp.edu.in
Email- upmspprayagraj@gmail.com & upmspho@gmail.com

Follow us :
@upboardpryj
Madhyamik Shiksha Parishad Uttar Pradesh

Scanned with OKEN Scanner

प्रेषक,

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 1018 दिनांक 12.10.26

विषयः शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु कक्षा 09 से 12 के छात्र–छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण / परीक्षा आवेदन के उपरान्त नामावली जनरेट किए जाने में आ रही समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

ज्ञातव्य है कि शैक्षिक सत्र 2026–27 के कक्षा 09 से 12 के छात्र–छात्राओं का परिषद की वेबसाइट पर अग्रिम पंजीकरण / परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरे जाने के उपरान्त संस्था के प्रधान द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली डाउनलोड कर, कोषपत्र की एक प्रति के साथ क्षेत्रीय कार्यालय को भेजे जाने हेतु दिनांक 15.10.2026 तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा कराया जाना है।

उक्त के सम्बन्ध में कतिपय जनपदों से प्रधानाचार्यों द्वारा अवगत कराया गया है कि विभिन्न प्रकार की विसंगतियों के कारण संबंधित विद्यालयों की नामावली जनरेट / डाउनलोड नहीं हो पा रही है। इस संबंध में विद्यालयों की नामावली जनरेट / डाउनलोड किए जाने में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत विसंगतियों का निम्नानुसार निराकरण कराया जाना अपेक्षित है–

क्रम	विसंगति	अपेक्षित कार्यवाही / निराकरण
1	निर्धारित शुल्क की कम धनराशि जमा किया जाना अथवा शुल्क चालान अपलोड न किया जाना।	यदि विद्यालय द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत शुल्क की संपूर्ण धनराशि जमा कर दी गई है, किन्तु पोर्टल पर शुल्क विवरण त्रुटिपूर्ण अंकित होने के कारण एरर प्रदर्शित हो रहा है, तो शुल्क का शुद्ध विवरण चालान की प्रति सहित पोर्टल पर अपलोड / अपडेट कराना सुनिश्चित करें।
2	एक ही परीक्षार्थी का एक से अधिक विद्यालयों से पंजीकरण होना।	डुप्लीकेट पंजीकरण के प्रकरण में जिस विद्यालय में परीक्षार्थी अध्ययनरत नहीं है, उस विद्यालय द्वारा संबंधित परीक्षार्थी का विवरण पोर्टल से डिलीट करा दिया जाए। इन प्रकरणों में परीक्षार्थी के टी०सी० (स्थानांतरण प्रमाण–पत्र) संबंधी अभिलेखों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।
3	परीक्षार्थियों के आवश्यक अभिलेख, पूर्व परीक्षा संबंधी विवरण, दिव्यांगता प्रमाणपत्र अथवा श्रेणी 4बी के अंतर्गत अपेक्षित पूर्वानुमति पोर्टल पर अपलोड न होना।	विद्यालय द्वारा संबंधित परीक्षार्थियों के आवश्यक विवरण एवं अभिलेख पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए।
4	किसी परीक्षार्थी का फोटो उपलब्ध न होना।	छात्रों की फोटो अपलोड न होने की दशा में फोटो अपलोड का विकल्प उपलब्ध है, तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए।

Scanned with OKEN Scanner

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त विसंगतियों का निराकरण कराते हुए जनपद के शत–प्रतिशत विद्यालयों की नामावली कार्यालय में दिनांक 15.10.2026 तक जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

12/10/26

(भगवती सिंह)
सचिव।

पृ0सं0 मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 1018 (1-2) दिनांक 12.10.26

उक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1 समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक / उप शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

2 अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि अपने परिक्षेत्र के जनपदों में प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए उक्त कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(भगवती सिंह)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner